भाजपा स्थापना दिवस आज, कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा फहरायेंगे

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग मुख्यालय बीकानेर में जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अध्यक्षता में भाजपा स्थापना दिवस के कार्यकमों की रूपरेखा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने बताया कि 6 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए प्रदेश संगठन ने बीकानर संभाग प्रभारी बाबा बालकनाथ को बनाया गया है। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार पार्टी स्थापना दिवस के कार्यकमों के लिए जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ द्वारा संयुक्त रूप से राजेन्द्र पंवार को संयोजक एवं इन्द्रा व्यास एवं आनंद सिंह भाटी सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

जिला संयोजक राजेन्द्र पंवार ने बताया कि इसके लिए 6 अप्रेल को बीकानेर शहर के सभी कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा फहरायेंगे। बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानन्द व्यास मण्डल अध्यक्षों के घर पर जाकर भाजपा का झंडा फहरायेंगे। सेल्फी विद फ्लैग कार्यक्रम के लिए बीकनेर पूर्व विधानसभा के संयोजक इन्द्र चन्द्र मालू एवं बीकानेर पश्चिम विधानसभा संयोजक दिनेश सांखला रहेगें। 6 अप्रेल के कार्यकम के लिए भाजपा संभाग मुख्यालय के साज सज्जा के लिए गजेन्द्र सिंह भाटी को संयोजक एवं सह संयोजक विनायक पारीक एवं अभिजीत शर्मा रहेंगे। बीकानेर शहर के प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन 7 अप्रेल को रहेगा। जिसमें बीकनेर पूर्व विधानसभा से आनंद सिंह भाटी व पश्चिम विधानसभा से इन्द्रा व्यास को संयोजक नियुक्त किया गया है।

8 से 10 अप्रेल को बीकानेर पश्चिम एवं पूर्व विधानसभा का सकिय सदस्यों का विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें बीकानेर पश्चिम विधानसभा संयोजक किशन चौधरी, सह संयोजक राजेन्द्र शर्मा एवं बीकानेर पूर्व विधानसभा संयोजक श्याम सिंह हाड़ला, सह संयोजक अनुप गहलोत होंगे। विधानसभा स्तर पर सकिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन करना जिनमें वक्ताओं के तौर पर निम्न वरिष्ठ कार्यकर्ता वक्ता होंगे। सुश्री सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, नारायण चौपड़ा, अखिलेश प्रताप सिंह, विजय आचार्य, सुमन छाजेड़, सुशीला कंवर, कौशल शर्मा, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा ने बताया कि 10 से 12 अप्रेल बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मण्डल स्तर के उपर के सभी कार्यकर्ता बीकानेर जिले की बस्तियों में जाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलेंगे। आंगनबाडी केन्द्र, सरकारी स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा करेंगे। मन्दिर, पार्क, अस्पताल व सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान किया जायेगा।

बस्ती चलो अभियान कार्यकम के संयोजक ओम नायक, विनोद करोल, सोहन चांवरिया, जगदीश सोलंकी, राजेश पंडित, विनोद धवल, अशोक चांवरिया एवं हरिओम कड़ेला रहेंगे। कार सेवकों, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जायेगा। इस कार्यकम के लिए जिला महामंत्री मोहन सुराणा को संयोजक बनाया गया है।

बैठक में जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड, जिला संयोजक राजेन्द्र पंवार, सह संयोजक आनंद सिंह भाटी, इन्द्रा व्यास, पूर्व महापौर नारायण चौपडा, जिला महामंत्री नरेश नायक, गोकुल जोशी, किशन चौधरी, श्याम सिंह हाडला, राजेन्द्र शर्मा, अनुप गहलोत, मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, राजाराम विश्नोई, भारती अरोडा, कौशल शर्मा, विजय उपाध्याय, जितेन्द्र सिंह राजवी, जगदीश सोलंकी, आशा आचार्य, विशाल गोलछा, प्रेम गहलोत, दिनेश चौहान, कपिल शर्मा, धर्मपाल डूडी, देवरूप सिंह, मुकेश सैन, मघाराम नाई. मुकेश ओझा, चन्द्रप्रकाश गहलोत, नृसिंह सेवग, कमल आचार्य, सोहनलाल चांवरिया, सुनील जोशी, दिनेश सांखला, ओमनायक, विनोद करोल, सोहन चांवरिया, जगदीश सोलंकी, राजेश पंडित, विनोद धवल, अशोक चांवरिया एवं हरिओम कड़ेला, इन्द्रचन्द मालू, ओमप्रकाश मीणा, लोकेश जीनगर, सुशोल रंगा, विकास कुमार, संजय शर्मा, अनिरूद्ध आचार्य, सुनील जोशी, विष्णु सैनी, अरूण सालकी, सुभाष पुरोहित मौजूद थे।

बीकानेर शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड ने भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

- **बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानन्द व्यास मण्डल अध्यक्षों के घर पर जाकर भाजपा का झंडा फहरायेंगे**

सीएसआर मद से दो करोड़ की मंजूरी

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय कानून एवं विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास के आग्रह पर भारत सरकार के उपक्रम भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड के सीएसआर मद से एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय बीकानेर में विभिन्न अत्याधुनिक जांच मशीनों और उपकरणों के लिए 2 करोड़ रूपए की स्वीकृति दिलाई है।

यह स्वीकृति प्राप्त होने के बाद शनिवार को विधायक ने केन्द्रीय मंत्री से दूरभाष पर बात करते हुए उनका आभार जताया। विधायक व्यास ने बताया कि शहरी क्षेत्र में मरीजों को जिला अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में राज्य सरकार से विभिन्न स्वीकृतियां ली गई हैं। बीकानेर सांसद की पहल पर भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड ने यह स्वीकृति जारी की है। निगम के संयुक्त महाप्रबंधक (मा. स.) ज्ञानप्रकाश ने अस्पताल अधीक्षक को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इससे शहरी क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष राहत मिलेगी। पीबीएम अस्पताल का मरीज भार भी इससे कम होगा।

विधायक जेठानंद व्यास ने बताया कि इस स्वीकृति के माध्यम से अस्पताल के अस्पताल की आवश्यकता के अनुसार ऑर्थोपेडिक विभाग को ऑपरेशन थियेटर में जटिल ऑपरेशन करने के लिए सी आर्म मशीन और पांच सेट लीड एप्रेन, फ्रैक्चर टेबल, जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के लिए लैप्रोस्कोपिक सर्जरी हेतु लेप्रोस्कोप सेट मिलेगा।

सार-समाचार

दिव्यांगजनों के लिए यज्ञ

सी- दिव्यांगजन की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य को लेकर संस्थान के अध्यक्ष रामेश्वर बिश्नोई ने यज्ञ में आहुति दी।

बीकानेर, (कासं)। अपना परिवार सेवा सदन मानसिक विमंदित एवं पुनर्वास ग्रह ग्राम बादनू में दिव्यांग जनों के सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान के अध्यक्ष रामेश्वर लाल बिश्नोई ने विधि-विधान से किए गए यज्ञ में आहुति दी। शुक्रवार को भी यज्ञाचार्य प्रहलाद राम तावणिया के आचार्यत्व में विधिवत पूजा कार्य संपन्न करवाया। सुबह 8 बजे से आरंभ हुआ यज्ञ दोपहर 2 बजे तक अनवरत चला। इस अवसर पर मंत्र का उच्चारण करते हुए तावणिया ने कहा कि संसार गृहस्थ में यज्ञ के बिना अनुष्ठान पूर्ण नहीं होता। संस्था अध्यक्ष रामेश्वर लाल बिश्नोई ने कहा कि हर अमावस्या पर संस्था में यज्ञ किया जायेगा। इस अवसर पर विशेष योग्यजनों के तिलक लगाकर मोली बाधकर यज्ञ में आहुतियां दिलवाई।

पीबीएम में व्हील चेयर भेंट की

अप्रवासी भारतीय सामिया सरवर ने पीबीएम अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिये 15 व्हील चेयर भेंट की।

बीकानेर, (कासं)। अप्रवासी भारतीय सामिया सरवर ने पीबीएम अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिये 15 व्हील चेयर भेंट की है। उन्होंने पीबीएम अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र वर्मा को सौंपी। इस दौरान सामिया के परिजन भी उसके साथ रहे। सामिया बीकानेर की निवासी है। जो इस समय संयुक्त अरब अमीरात में रहती है। वह वहां समाजिक सरोकार में सक्रिय काम करने वाले संगठन रेड क्रिसेट से जुड़ी हुई है। जो मूल रूप से आपातकालीन चिकित्सा सेवा, आपदा राहत, चिकित्सा सहायता और जरूरतमंदों की सेवा का कार्य करता है।

स्कूल वाहनों पर सख्ती की तैयारी

बीकानेर, (कासं)। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर 9 अप्रैल को बाल वाहिनी संचालन को लेकर जिला स्तरीय अहम बैठक बुलाई गई है। सदर थाना स्थित मीटिंग हॉल में शाम 5 बजे होने वाली इस बैठक में पुलिस, परिवहन, शिक्षा, चिकित्सा, पीडब्लयूडी विभागों के अधिकारी, स्कूल संचालक और वाहन मालिक भाग लेंगे। बैठक में बाल वाहिनी सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना और अवैध संचालन पर कार्यवाही जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बीकानेर में बाल वाहिनी वाहन नियमों की लगातार अवहेलना हो रही है। कई स्कूल बिना फिटनेस और इंश्योरेंस वाले वाहनों से बच्चों को लाने-ले जाने की व्यवस्था कर रहे हैं। कुछ वाहन तो निजी रजिस्ट्रेशन (सीवीयू नंबर) वाले हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। ऐसे वाहनों की न तो नियमित जांच होती है, न ही चालक प्रशिक्षित होते हैं। इन हालात में बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

चूरू से लुटेरों को भगाने में मदद की थी, 30 लाख रूपए बरामद

बीकानेर, (कासं)। यहां 1.43 करोड़ रूपए की लूट के मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। हालांकि इन दोनों का लूट में सीधे-सीधे कोई हाथ नहीं है बल्कि लूट के आरोपियों को चूरू से भगाने में मदद की थी। बदमाश बीकानेर में लूट की वारदात को अंजाम देकर चूरू भागे थे। वहां से उन्हें बस से भगाने में मदद की थी। चूरू से लूट में उपयोग ली गई कार और तीस लाख रूपए बरामद किए गए है।

दो दिन पहले इंद्रा कॉलोनी में राम अवतार शर्मा की कंपनी रिलायबल एसोसिएट में काम करने वाले संपत शर्मा और मुकेश से बदमाशों ने एक करोड़ 43 लाख रूपए लूट लिए थे। लूट के बाद बदमाश सीधे चूरू के लिए रवाना हो गए। चूरू पहुंचकर इन बदमाशों ने अपनी कार वहीं रख दी और एक बस से आगे भाग गए। इनको चूरू से भगाने में संदीप और जयपाल ने मदद की थी। दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

चूरू तक पीछा करने के बाद भी अब तक बदमाश पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। भगाने वालों से ही पुलिस ने 30 लाख रूपए बरामद किए हैं। अभी भी एक करोड़ तीन लाख पचास हजार रूपए बरामद होने शेष है। मामले में मुख्य आरोपी चांद सिंह को बताया जा रहा है। चांद सिंह को ही नामजद आरोपी बनाया गया है। वहीं जांच में अभिषेक और अंशुल नामक दो और युवकों के नाम सामने आये हैं। ये दोनों भी चांद सिंह की तरह चूरू के रहने वाले हैं। एसपी कावेंद्र सिंह सागर का कहना है कि जल्द ही पूरी वारदात का खुलासा हो जायेगा।

गांजा सहित महिला गिरफ्तार : नोखा पुलिस ने 5 किलो गांजा सहित महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। नोखा थानाधिकारी अमित स्वामी ने बताया कि बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश और एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के मार्गदर्शन में ये ऑपरेशन किया गया। नोखा थाने की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर 8 सुरपुरा की रहने वाली भंवरी देवी को गिरफ्तार किया। महिला से 5.377 किग्रा. गांजा बरामद हुआ है।

- **बीकानेर में 1.43 करोड़ की लूट का मामला**
- **हिरासत में लिए दो युवकों ने लुटेरों को चूरू से भगाने में मदद की थी**

होम्योपैथिक सेंटर का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर से संचालित नि:शुल्क होम्योपैथिक सेंटर का शुभारंभ राम नवमी रविवार को अपरान्ह साढ़े तीन बजे धर्मनगर द्वार (ईदगाह बारी के अंदर) पूजा के बाद होगा।

माहेश्वरी भवन ट्रस्ट के उप व्यवस्थापक रामकिशन राठी ने बताया कि दोपहर साढे तीन बजे पूजा व शाम चार बजे शुभ मुहूर्त में सेंटर का शुभारंभ वर्च्युअल माध्यम से ट्रस्ट के सचिव कोलकाता प्रवासी बीकानेर निवासी नरेन्द्र कुमार बागड़ी करेंगे। उन्होंने बताया कि माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर से गीता रामायण पाठशाला में सेराजेम मशीन से स्पाइनल एक्सरसाइज एवं थेरैपी, कंप्यूटर शिक्षण, महिला सिलाई केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्र में कंप्यूटर के माध्यम से आर.के.सी.एल. कोर्स भी करवाए जाते है। माहेश्वरी भवन ट्रस्ट के ट्रस्टी श्रीकिशन राठी के सानिध्य में रविवार को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

हीट वेव की चपेट में बीकानेर, पारा 42 डिग्री

बीकानेर, (कासं)। यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को बीकानेर का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया है। वहीं आने वाले दो दिन में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अप्रैल महीने में ही हीट वेव शुरू होने से अब मई और जून में पारा पचास डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट्स के मुताबिक बीकानेर में सात अप्रैल को पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। रविवार को 42 डिग्री सेल्सियस तक तापमान की आशंका है। अधिकतम तापमान में हर रोज दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी ने आम आदमी को सड़क पर निकलना मुश्किल कर दिया है। गुरूवार को तापमान में मामूली कमी आई थी, लेकिन अब अचानक से बढ़ोतरी परेशानी का कारण बन सकती है।

न सिर्फ बीकानेर बल्कि पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में सूर्यदेव आग उगलने की तैयारी में है। जैसलमेर, जोधपुर, बाडमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, नागौर सहित अनेक क्षेत्रों में तापमान में बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने राजस्थान के मानचित्र में तापमान प्रदर्शित करते हुए चित्र जारी किया है जिसमें अधिकांश हिस्सा लाल नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में बीकानेर में तापमान पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ सकता है।

- **मौसम विभाग ने दी चेतावनी, अगले दो दिन में तापमान 44 डिग्री तक पहुंचेगा पारा, बाहर जाना हुआ मुश्किल**

दो क्षेत्रों में आने से परेशान, परिसीमन जरूरी

बीकानेर, (कासं)। शहर के 80 वार्डों में कई ऐसे हैं जिनकी सीमाएं दो विधानसभा या थाना क्षेत्रों में लगती है जो सरकार के नियमों के विरूद्ध है। इससे वार्डवासियों को तो परेशानी होती ही है। पार्षद भी समस्याओं का निराकरण नहीं करा पाते। ऐसे वार्डों को चिन्हित कर परिसीमांकन करने की आवश्यकता है।

बीकानेर शहर के 80 वार्डों में पार्षदों का कार्यकाल नवम्बर में पूरा हो चुका है और अब आने वाले समय में चुनाव करवाए जाने हैं। उससे पहले जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमांकन और पुनर्गठन होगा। शहर में ऐसे कई वार्ड हैं जिनकी सीमाएं दो-दो विधानसभा क्षेत्रों और थाना क्षेत्रों तक फैली है। इसके अलावा वार्डों का क्षेत्र हाईवे के दोनों ओर दूर तक फैला हुआ है। दो अलग-अलग वार्डों की गलियां बेतरतीब तरीके से एक-दूसरे में शामिल हैं। ऐसे वार्डों में रहने वाले लोगों को समस्याओं के समाधान में परेशान होना पड़ता है। नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि वार्डों में परिसीमांकन के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

- **कई वार्ड ऐसे हैं जिनकी सीमाएं दो विधानसभा या थाना क्षेत्रों में लगती है जिससे परेशानी आती है**

जैनाचार्य धर्मधुरंधर आज खारा में

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के जैनाचार्य, श्रुत भास्कर, गच्छाधिपति आचार्यश्री धर्म धर्मधुरंधर सूरिश्वर महाराज अपने सहवृति मुनियों के साथ रविवार को बीछवाल पहुंचेंगे। उनका नगर प्रवेश 8 अप्रैल को बीकानेर में होगा।

लूणकरनसर से पैदल विहार करते हुए रास्ते में बीकानेर जैन श्वेताम्बर तपागच्छ, कोचर फ्रैंड्स क्लब के सदस्य व अनेक श्रावक-श्राविकाएं मार्ग में उनका स्वागत वंदन करने के लिए पहुंच रहे हैं। धीरेरा में भगवान महावीर स्वामी मंदिर के ट्रस्टी व सदस्यों ने आचार्यश्री से बैदों के भगवान महावीर के प्राचीन मंदिर में जन्म कल्याणक दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की निश्रा प्रदान करने की विनती की।

बीडीए भवन के लिए अभी तय नहीं हुई जमीन

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण के नए भवन के लिए स्थान अब तक तय नहीं हुआ है। प्रशासन ने जोड़बीड़ में जिस जगह को लगभग फाइनल कर दिया था, उसे फिलहाल रोक दिया गया है।

बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास के हस्तक्षेप के बाद नए भवन को शहर के आसपास ही तलाशा जा रहा है। इसके लिए तीन विकल्प दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हस्तक्षेप के बाद इन तीन विकल्पों पर भी जिला प्रशासन को प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा बीकानेर विकास प्राधिकरण के भवन के लिए प्रस्तावित स्थान जोड़बीड़ की जगह बीकानेर पश्चिम विधायक व्यास के सुझाए स्थानों का परीक्षण करने का आदेश दिया गया है। विधायक व्यास ने आम आदमी की समस्या को देखते हुए जोड़बीड़ में प्राधिकरण का नया ऑफिस बनाने को गलत बताया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में कहा कि जोड़बीड़ आमजन के लिए उपयुक्त स्थान नहीं है। शहरी क्षेत्र से दूर होने के साथ ही बीकानेर पश्चिम के बड़े हिस्से की पहुंच से दूर है। व्यास ने इसके लिए चार स्थान सुझाए और इनमें से किसी स्थान पर बीकानेर विकास प्राधिकरण के भवन के लिए भूमि आवंटित करने का आग्रह किया है।

विधायक ने जगहों के नामों का दिया सुझाव उनमें पुलिस लाइन के समस्त क्वार्टर करणी नगर में स्थापित होने के कारण खाली पड़े हैं। पुराने भेड़ अनुसंधान केन्द्र के ऑफिस की जगह बन सकता है, जहां से समस्त कार्य श्रीगंगानगर रोड स्थित नए भवन में स्थानान्तरित हो गए। सादुल स्पोर्ट्स स्कूल के सामने जर्जर बीएड छात्रावास-द्वितीय में भी बीडीए ऑफिस बन सकता है।

- **प्रशासन ने जोड़बीड़ में जिस जगह को लगभग फाइनल कर दिया था, उसे फिलहाल रोक दिया गया है**

बीकानेर में ड्राईपोर्ट की स्थापना की घोषणा पर व्यापारियों ने मनाया जश्न

बीकानेर, (कासं)। जिला उद्योग संघ में उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से बीकानेर में राज्य सरकार ने ड्राईपोर्ट की स्थापना की घोषणा की।

बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, बीकानेर के विधायकों एवं जिला प्रशासन का आभार जताते हुए बताया कि बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा ड्राईपोर्ट की स्थापना को लेकर वर्षों से मांग की जा रही थी। राज्य सरकार द्वारा लिए गये इस निर्णय से बीकानेर के उद्योग व व्यापार को विकास के पंख लगेंगे। ड्राईपोर्ट बन जाने से बीकानेर शहर का आर्थिक, व्यापारिक और औद्योगिक स्वरूप की तस्वीर बदल जायेगी।

साथ ही ड्राईपोर्ट स्थापित हो जाने से बीकानेर जिला देश के मानचित्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखेगा और बेरोजगारों को रोजगार मुहेया हो सकेगा। निर्यात सुलभ होगा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों को मार्केट मिलेगा। बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएसन अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि बीकानेर जैसे व्यापारिक एवं कृषि उत्पादक जिले में ड्राईपोर्ट हमेशा एक बड़ी बाधा रही है। ड्राईपोर्ट ना होने के कारण बीकानेर का कारोबार दूसरे शहरों की अपेक्षा में पिछड़ रहा है। वूलन व्यवसायी अशोक सुराणा ने बताया कि ड्राईपोर्ट की स्थापना से बीकानेर के ऊन एवं कारपेट उद्योग का काफी विकास होने के साथ- साथ यहां के उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक आसानी से तथा समय पर पहुंच सकेंगे। बीकानेर जिला उद्योग संघ उपाध्यक्ष नरेश मित्तल ने बताया कि ड्राईपोर्ट बन जाने से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। सचिव वीरेंद्र किराडू ने बताया कि ड्राईपोर्ट बन जाने से लघु उद्योगों को अपने माल को बिना किसी मध्यस्थता के सीधे ग्राहक तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।

बीकानेर में ड्राईपोर्ट की स्थापना की घोषणा होने पर व्यापारियों ने गुलाला उड़ाकर खुशी जताई।

- **बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा ड्राईपोर्ट की स्थापना को लेकर वर्षों से मांग की जा रही थी**

हनुमानगढ़ में वाशिंग लाइन तैयार

बीकानेर, (कासं)। हनुमानगढ़ में वाशिंग लाइन तैयार हो गई है। अब वहां ट्रेनों की मेंटिनेंस हो सकती है। इससे बीकानेर और लालगढ़ रेलवे स्टेशन को लम्बी दूरी की कुछ नई ट्रेनें मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। बीकानेर और लालगढ़ में वाशिंग लाइन फुल होने के कारण नई ट्रेनों के संचालन में बाधा आ रही थी। बीकानेर और लालगढ़ में ठहरने वाली गाडियों को हनुमानगढ़ तक विस्तारित करने से इन दोनों स्टेशनों तक लम्बी दूरी की ओर गाडियों को समर स्पेशल के रूप में बढ़ाया जा सकता है। गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बीकानेर रेल मंडल ने बीकानेर से 3 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने, इतनी ही ट्रेनों को लालगढ़-बीकानेर से हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन तक बढ़ाने और कुछ ट्रेनों में कोच भी बढ़ाने के प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भिजवाए हैं। उम्मीद है कि रेलवे बोर्ड लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस और लालगढ़-गोवाहाटी एक्सप्रेस को हनुमानगढ़ तक बढ़ाने के प्रस्तावों को अगले 15 दिन में मंजूरी भी दे देगा।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 3.4.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 72 के किला नं. 04 में भूखंड माप 19'-6'' गुणा 69'-0'' फीट के नियमन पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती पुष्पा स्वामी पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार स्वामी निवासी 39-ए वास्तुदेव नगर, वार्ड नं. 19, बंसती चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखंड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपराना आवेदक श्रीमती पुष्पा स्वामी पत्नी श्री देवेन्द्र कुमार स्वामी निवासी 39-ए वास्तुदेव नगर, वार्ड नं. 19, बंसती चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 72 के किला नं. 04 में भूखंड माप 19'-6'' गुणा 69'-0'' फीट का नियमन पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो बर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 14539057 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3840 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 3.4.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री मुखराम निवासी गणेशगढ़ बरानी तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 34 किला नं. 18 भू.सं. 1638 माप 30 इंटू 60 फीट होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 9527 दिनांक 30.4.2019 को एबीजैड इन्फ्रा प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर निखिल मित्तल पुत्र श्री संजीव मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती गीता देवी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 7.3.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री मुखराम निवासी गणेशगढ़ बरानी तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख़ास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1530 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य को ग्राम सोढवाली, तहसील लूणकरणसर, जिला बीकानेर के खसरा न. सोढवाली- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 44, 45, 46, 48, 49, 50, 53, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 94, 95, 96, 98, 104, 105, 106, 107, 108, 109, 110, 111, 112, 113, 114, 116, 120, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 131, 132, 158, 159, 342, 343, 344, 345, 346, 347, 348, 349, 350, 351, 352, 353, 354, 355, 356, 357, 440, 52/1, 52/2, 52/3, 674/43, 675/43, 676/46, 680/368, 681/367, 688/93, 689/93, 690/93, 695/82, 700/47, 701/47, 702/47, 703/47, 704/47, 705/47, 716/368, 717/129, 718/129, 761/55, 762/55, 763/55, 770/133, 771/133, 772/133, 773/51, 774/51, 775/117, 776/117, 777/117, 778/358, 779/358, 780/359, 781/359, 789/133, 793/92, 794/92, 795/92, 796/92, 797/92, 798/92, 692/81, 128.
बिन्जरवाली खसरे- 790, 791, 792, 793, 794, 818, 819, 820, 821, 822, 823, 824, 827, 828, 829, 830, 831, 832, 833, 826/1, 826/2, 826/3, 918/789, 919/840, 920/845, 965/825, 966/825, 842, 843, 844, 845,
कृषि भूमि खातेदारान द्वारा सोलर उर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु/लीज का इकरार किया जाना है- तथा उक्त/लीज इकरारनामे को समस्त खातेदारों द्वारा स्वीकृत किया जाना है परन्तु यदि कोई व्यक्ति या वित्तीय संस्था/कंपनी उक्त कृषि भूमि में अपना हक़ या हिस्सा अथवा पैतृक या खातेदारी अधिकार रखता है तो इस आम सुचना के प्रकाशन के सात दिवस के अन्दर अपने हक़ व हिस्सा या अधिकार को सक्षम दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष साबित करे अन्यथा उक्त अवधि गुजरने के पश्चात कोई दावा या आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी एवं उक्त अवधि के पश्चात की गयी कार्यवाही मेरे अभीभाष्य के हितों के विरूद्ध रदद एवं बेअसर समझी जाएगी तथा उक्त कृषि भूमि को इकरारनामा/लीज की पंजीयन